## महत्वपूर्ण एवं खास

### हसदेव नदी में मिला युवक का शव

**कोरबा (आरएनएस)।** चिरमिरी मार्ग पर हसदेव नदी में एक 30 वर्षीय युवक का शव मिला है। उसकी पहचान बबलू गोंड़ के रूप में कर ली गई है। माना जा रहा है कि डूबने के कारण उसकी मौत हुई। पुलिस ने मर्ग कायम करने के साथ शव बरामद किया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर अगली कार्रवाई करने की बात पुलिस कर रही है। पसान थाना की कोरबी चैकी के अंतर्गत यह घटना हुई। कोरबी क्षेत्र में हसदेव नदी पुल के पास बबलू का शव आज सबेरे मिला। जानकारी होने पर आसपास के लोग वहां पहुंचे। इस दौरान मृतक की पहचान कर ली गई जो स्थानीय निवासी बताया गया। चैकी प्रभारी ने बताया कि नदी के पास ही झोपड़ी बनाकर बबलू 7 वर्ष से रह रहा था। वह मूलतरू बैकुण्ठपुर का निवासी बताया गया जो सात वर्ष पहले यहां पहुंचा था। उसके साथ रहने वाली महिला से मिली जानकारी के अनुसार रात्रि को बबलू दिशा मैदान के लिए गया था और उसके बाद नहीं लौटा। खोजबीन करने पर वह नदी में मृत पाया गया। स्थानीय पुलिस को इसकी सूचना दी गई। इसके बाद लोगों के सहयोग से मृतक का शव निकाला गया। पुलिस ने बताया कि प्रथम दृष्टि में मामला नदी में डुबने से मौत होने का प्रतीत होता है। 174 सीआरपीसी के अंतर्गत कायम कर जांच में रखा गया है।

### सिगावा रेस्टोरेंट में मिली गंदगी, निगम ने लगाया 2000 रू. जुर्माना

**रायपुर (आरएनएस)।** नगर पालिक निगम रायपुर को प्राप्त सफाई से सम्बंधित जनशिकायतों पर रायपुर जिला कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार एवं नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार सम्बंधित जोन की टीमों द्वारा स्थल पर जाकर वस्तुस्थिति की जानकारी लेकर, जनशिकायत पाए जाने पर सम्बंधित संस्था पर जुर्माना की कार्यवाही लगातार जनहित में जनस्वास्थ्य सुरक्षा बाबत जारी है. आज इस क्रम में नगर निगम जोन 2 स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जोन 2 जोन कमिश्नर डॉक्टर आर. के. डोंगरे के निर्देश पर जोन स्वास्थ्य अधिकारी रवि लावनिया के नेतृत्व में जोन नम्बर 2 के शहीद हेमू कालाणी वार्ड नम्बर 28 के तहत देवेन्द्र नगर में सिगावा रेस्टोरेंट की सफाई व्यवस्था का आकस्मिक निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान साफ - सफाई का पूर्ण अभाव एवं भारी गंदगी पायी गयी एवं प्राप्त सफाई से सम्बंधित जनशिकायत पूरी तरह सही पायी गयी.जोन 2 जोन कमिश्नर के निर्देश पर जोन स्वास्थ्य अधिकारी ने सिगावा रेस्टोरेंट प्रबंधन पर गंदगी मिलने पर भविष्य के लिए कड़ी चेतावनी देते हुए तत्काल 2000 रूपये का जुर्माना किया एवं प्राप्त जनशिकायत का जोन के स्तर पर त्वरित निदान किया गया।

### आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन प्रात: 7 से 11 बजे तक

**कांकेर (आरएनएस)।** जिले में गर्मी की अधिकता के कारण बच्चों के स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए ग्रीष्मकाल की अवधि में 08 अप्रैल से 15 जून तक आंगनबाड़ी केन्द्र के समयावधि में परिवर्तन किया गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि अब आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन प्रात: 07 से 11 बजे तक किया जाएगा। आंगनबाड़ी केन्द्र संचालन का समय 06 घण्टे से घटाकर अब 04 घण्टे किए गए हैं। उन्होंने बताया कि आगामी 16 जून से पुन: आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन पूर्ववत् प्रात: 9.30 से 3.30 तक 06 घण्टे के लिए किया जाएगा।

### राज्यपाल को छत्तीसगढ़ की कला-संस्कृति से संबंधित पुस्तके भेंट की गई

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से आज राजभवन में जय जोहार साहित्य संस्कृति संस्थान रायपुर की अध्यक्ष डॉ. सीमा निगम ने सौजन्य मुलाकात की। उन्होंने राज्यपाल को छत्तीसगढ़ की कला-संस्कृति से संबंधित स्वरचित पुस्तके भेंट की।

# कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने डाक मत के लिए अनिवार्य सेवा मतदाता के संबंध में लिया बैठक

**सारंगढ़ बिलाईगढ़**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में अनिवार्य सेवा कर्मी द्वारा किए जाने वाले डाक मत पत्र के संबंध में बैठक लिया। बैठक में कलेक्टर साहू ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य हेतु 10 सेवाओं को "अनिवार्य सेवा" के रूप में अधिसूचित किया है। इन 10 सेवाओं में स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, रेल परिवहन, डाक एवं टेलीग्राम विभाग, बीएसएनएल, आल इण्डिया रेडियो, दूरदर्शन, छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, मीडियाकर्मी जिन्हें आयोग की अनुमति से प्राधिकार पत्र जारी किये जाएंगे एवं भारतीय खाद्य निगम शामिल हैं। अनिवार्य सेवा के रूप में अधिसूचित किए जाने से इन सेवाओं के ऐसे कर्मचारी, जो अपनी शासकीय ड्यूटी के कारण मतदान दिवस को मतदान केंद्र पर जाकर अपना वोट नहीं डाल पाते है, केवल उनके लिए डाकमत पत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा प्रदान की जाती है। ऐसे सभी कर्मियों को प्रारूप 12घ पर निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के पांच दिनों के भीतर संबंधित सहायक रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष अपना आवेदन करना होगा। ऐसे में सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के कर्मियों को अधिसूचना दिनांक 12 अप्रैल 2024 से 17 अप्रैल 2024 के बीच आवेदन करना होगा। प्रारूप 12घ में आवेदन करने वाले कर्मचारी को आवेदन में अपना मोबाइल



नम्बर, वोटर आईडी नंबर एवं मतदाता सूची में भाग संख्या एवं सरल क्रमांक सही-सही दर्ज करना होगा। उन्हें वोटर आईडी कार्ड की छायाप्रति भी साथ में संलग्न करना होगा। निर्वाचक नामावली में कर्मचारी की अद्यतन भाग संख्या एवं सरल क्रमांक पता करने हेतु वोटर हेल्पलाइन एप्प का उपयोग किया जा सकता है जिसमे वोटर आईडी कार्ड नंबर डालकर इसे खोजा जा सकता है। जिला स्तर पर नोडल अधिकारीयों को फॉर्म 12घ में प्राप्त आवेदनों को इसके भाग 2 में सत्यापित करना अनिवार्य होगा।

नियत समयावधि तक प्राप्त सभी पात्र अनुपस्थित अनिवार्य श्रेणी के मतदाताओं को जिले में पोस्टल वोटिंग सेंटर स्थापित कर डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराया जाएगा। पोस्टल वोटिंग सेंटर जिले में रिटर्निंग अधिकारी द्वारा निर्धारित किए गए लगातार 3 दिनों तक दिनांक 26 अप्रैल से 28 अप्रैल 2024 तक सुबह 9 से सायं 5 बजे तक संचालित किया जाएगा। पोस्टल वोटिंग सेंटर की स्थापना की सूचना से निर्वाचन लड़ने वाले सभी अभ्यर्थियों को अवगत कराया जाएगा ताकि वे मतदान की कार्यवाही के दौरान स्वयं अथवा अपने अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित रहकर इसका अवलोकन कर सकें। इसके साथ ही सम्पूर्ण प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी। प्रत्येक दिवस मतदान उपरान्त पोस्टल वोटिंग सेण्टर से प्राप्त सभी डाक मतपत्रों को ट्रेज़री स्थित स्ट्रांग रूम में रख कर मतपेटी को सील किया जाएगा।फॉर्म 12घ में आवेदन प्राप्त होने और इसके स्वीकृत होने पर मतदाताओं को पोस्टल वोटिंग सेंटर स्थापना की तिथि एवं स्थान सम्बन्धी सूचना प्रदान की जाएगी जिससे कि वे आकर अपना मतदान कर सकें। ऐसे सभी मतदाता मतदान दिवस को मतदान केंद्र पर अपना वोट नहीं डाल सकेंगे। इसलिए इन सेवाओं के ऐसे व्यक्ति जो मतदान के दिन मतदान केंद्र जाकर अपना वोट डालने में सक्षम है उन्हें इस सुविधा की पात्रता नहीं होगी और उन्हें आवेदन फॉर्म 12घ नहीं भरना होगा। इस अवसर पर एसडीएम सारंगढ़ वासु जैन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिकेत साहू, नोडल अधिकारी स्वीप हरिशंकर चौहान, सीएमएचओ अवधेश पाणिग्राही, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास आशीष बैनर्जी, महिला एवं बाल विकास अधिकारी बृजेन्द्र ठाकुर, खाद्य अधिकारी चित्रकांत ध्रुव, मार्कफेड अधिकारी मनोज यादव, कार्यपालन अभियंता विद्युत नरेन्द्र नायक, जिला प्रबंधक खाद्य, नागरिक आपूर्ति निगम सूर्यकांत शुक्ला, आबकारी अधिकारी सोनल नेताम, जनसंपर्क अधिकारी देवराम यादव, तहसीलदार शनि पैकरा, कोमल साहू, रूपाली मेश्राम, पूनम तिवारी, कमलेश सिदार, मास्टर ट्रेनर चूड़ामणि गोस्वामी सहित जेल एवं अन्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## ट्रेलर ने बाइक सवार दंपत्ति को मारी ठोकर: पत्नी की मौत, पति गंभीर

❐ **दुर्घटनाजन्य क्षेत्र बना हुआ है सिरकी मोड़**

**कोरबा | आरएनएस**

कोयलांचल दीपका क्षेत्र में बीती रात हुए सडक हादसे में अबाध गति से चल रहे अज्ञात ट्रेलर ने बाइक सवार दंपत्ति को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे पत्नी की जहां मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई वहीं पति गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए गेवरा स्थित एसईसीएल के विभागीय अस्पताल एनसीएच में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजा दिए जाने की मांग को लेकर चक्काजाम कर दिया। अधिकारिक जानकारी के अनुसार यह दुर्घटना रात 12.30 बजे के लगभग दीपका थानांतर्गत




सिरकी मोड़ पर घटित हुई। बताया जाता है कि सिरकी में निवासरत वीरसिंह सिरोठिया उम्र 55 वर्ष अपनी पत्नी अकेली बाई (50) के साथ एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद बाइक से अपने गांव लौट रहा था। अभी वे सिरकी मोड़ के पास पहुंचे थे कि अज्ञात ट्रेलर ने बाइक सवार दंपत्ति को अपनी चपेट में ले लिया। इस दुर्घटना में अकेली बाई की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। वहीं वीरसिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। मार्ग से गुजर रहे लोगों ने घायल वीरसिंह को उपचार के लिए तत्काल गेवरा स्थित एनसीएच अस्पताल पहुंचाया, जहां ड्यूटी में मौजूद डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद न्यू कोरबा अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। सिरकी मोड़ पर हुई सडक दुर्घटना में महिला की मौत होने की खबर जैसे ही गांव वालों को लगी, सभी ग्रामीण घटना स्थल पर पहुंच गए और आक्रोश जताने के साथ उचित मुआवजा दिए जाने की मांग को लेकर चक्काजाम कर दिया। चक्काजाम की सूचना मिलने पर पुलिस व प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और चक्काजाम कर रहे लोगों को समझाने के साथ ही मुआवजा का आश्वासन दिया। अधिकारियों के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने चक्काजाम समाप्त किया। बताया जाता है कि दुर्घटना को अंजाम देने के बाद दुर्घटनाकारित अज्ञात ट्रेलर का चालक अपना वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। दीपका टीआई युवराज तिवारी ने बताया कि मामले में वाहन अज्ञात है। पीड़ित परिवार को कैसे सहायता दिलाई जाए इसके लिए विचार किया जा रहा है। हरदीबाजार क्षेत्र का सिरकी मोड़ एक तरह से दुर्घटनाजन्य क्षेत्र बना हुआ है। जहां पर आए दिन सडक हादसे हो रहे हैं। इन कारणों से ग्रामीणों ने मान लिया है कि इसका कारण कुछ और है। लोगों की नजर में अब यह किसी भूतहा मोड़ से कम नहीं है। हर बार हादसे के बाद यहां न केवल चक्काजाम लगता है बल्कि कई आश्वासन दिए जाते हैं लेकिन इससे हासिल कुछ नहीं हुआ। हालिया घटनाक्रम में फिर पुराने सवाल सामने आए हैं।

## तस्करों के कब्जे से मुक्त कराया मवेशियों को, 6 आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा | आरएनएस**

वनांचल के करतला थाना क्षेत्र के बड़मार मार्ग होते हुए क्रूरतापूर्वक मवेशियों को ले जा रहे आधा दर्जन मवेशी तस्करों को करतला पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।

जिले के वनांचल ग्राम बड़मार मार्ग होते हुए मवेशियों को अंतर प्रांत झारखंड की ओर ले जा रहे मवेशी तस्करों की सूचना पर मुखबिर से बताए ठोस तथ्य मिलते ही कोरबा एसपी सिद्धार्थ तिवारी के मार्गदर्शन तथा एएसपी कोरबा यूबीएस चैहान, एसडीओपी बी.मिंज के पर्यवेक्षण में करतला टीआई आशीष सिंह एवं एएसआई मोतीदास डडसेना के हमराह स्टाफ द्वारा छापामार कार्रवाई करते हुए आधा दर्जन मवेशी तस्करों को धर दबोचा। जिनमें आरोपी क्रमशरू कैलाश यादव ग्राम सिसरिया रायगढ़, राजकुमार कुम्हार कुदरीपानी धरमजयगढ़, दरशराम यादव सरगबुंदिया थाना उरगा, नागसाय कादरो बागबहार जशपुर, भरोसराम अगरिया ग्राम सिसरेंगा रायगढ़ तथा रामप्रसाद नागवंशी को धर दबोचा। इन मवेशी तस्करों के पास से 48 नग मवेशी जिन्हें क्रूरतापूर्वक ले जाया जा रहा मुक्त कराया गया एवं न्यायालय भेजा जा रहा है।

## कोरचोली के जंगल में मुठभेड़ अब तक 13 नक्सलियों के शव बरामद

**बीजापुर-रायपुर | आरएनएस**

कोरचोली के जंगल में फोर्स के साथ हुए मुठभेड़ के बाद आज सुबह सर्चिंग के दौरान तीन और नक्सलियों के शव मिले। इसके पहले मंगलवार देर शाम तक मौके से 10 नक्सलियों के शव बरामद किए गए थे. इस तरह से मुठभेड़ में मरने वाले नक्सलियों की संख्या 13 पहुंच गई है।



मंगलवार सुबह से डीआरजी, सीआरपीएफ, कोबरा बटालियन और बस्तर बटालियन के जवानों के साथ नक्सलियों की दिन भर मुठभेड़ चलता रहा. मुठभेड़ खत्म होने के बाद पुलिस की सर्चिंग में 10 नक्सलियों के शव बरामद किए गए थे. इसके बाद आज सुबह फिर से सर्चिंग के दौरान तीन और नक्सलियों के शव बरामद किए गए। इस तरह से मुठभेड़ में मरने वालों नक्सलियों की संख्या 13 हो गई है. संख्या के लिहाज से यह नक्सलियों के लिए यह बड़ा झटका है. सभी नक्सलियों के शव को बीजापुर जिला मुख्यालय में लाने की तैयारी की जा रही है।

## गंदगी फैलाने व डस्टबिन नहीं रखने वाले 5 दुकानदारों से वसूला गया जुर्माना

**रायपुर | आरएनएस**




रायपुर जिला कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र में स्वच्छता अभियान निरन्तर चलाया जा रहा है. कचरा एवं गंदगी फैलाने एवं दुकानों में डस्टबिन नहीं रखने वाले दुकानदारों को भविष्य के लिए कड़ी चेतावनी देकर उनसे जुर्माना वसूला जा रहा है. उनसे दुकान में डस्टबिन रखने एवं सूखा एवं गीला कचरा पृथक करके सफाई मित्र को सफाई वाहन में नियमित देकर राजधानी शहर रायपुर को स्वस्थ और स्वच्छ स्मार्ट सिटी बनाने सहभागिता दर्ज करवाने अपील निरन्तर की जा रही है. इस क्रम में नगर पालिक निगम के सभी जोनों के स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा बाजारों में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है . इसके तहत नगर निगम जोन नम्बर 5 के स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जोन के तहत ठाकुर प्यारेलाल सिंह वार्ड नम्बर 40 एवं पण्डित सुन्दरलाल शर्मा वार्ड नम्बर 42 के बाजार क्षेत्रों में 5 दुकानों में गंदगी कचरा फैलाने, डस्टबिन नहीं रखने पर कुल 2200 रूपये का जुर्माना भविष्य के लिए सम्बंधित दुकानदारों को कड़ी चेतावनी देकर वसूला. सभी जोनों के जोन स्वास्थ्य अधिकारियों ने बाजार क्षेत्रों में दुकानदारों को डस्टबिन अनिवार्य रूप से रखने एवं स्वच्छता बनाये रखकर दुकान का सूखा एवं गीला कचरा पृथक - पृथक डस्टबिन में रखकर सफाई मित्र को नियमित देकर राजधानी शहर को स्वच्छ स्मार्ट सिटी बनाने सहभागिता दर्ज करवाने अपील करके समझाईश सभी जोन कमिश्नरों के नेतृत्व में दी, अन्यथा की स्थिति में अभियान लगातार चलाकर दुकानों में गंदगी मिलने, डस्टबिन नहीं मिलने की स्थिति में सम्बंधित दुकानदारों पर जुर्माना करने की चेतावनी दी गयी।

## पटाखे से भरी ट्रक में लगी भीषण आग, अग्निशमन टीम ने पहुंच कर बुझाई आग

❐ **आसपास के खेतों को भी लिया चपेट में, अग्निशमन टीम ने पहुंच कर बुझाई आग, 400 मीटर दूरी पर था पटाखों का गोदाम**

**दुर्ग | आरएनएस**



दुर्ग के बोरई से नगपुरा के बीच बुधवार को दोपहर साथी फ़ायर वक्र्स के पटाखों से भरे ट्रक में आग लग गई। सूचना मिलते ही अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा दुर्ग के दमकल टीम ने दो गाड़ी से पानी की बौछार कर आग पर काबू पाया और करीब 400 मीटर दूर पर स्थित पटाखे के गोदाम तक आग को फैलने से रोका जबकि ट्रक से निकलकर खेत तक पहुंचे पटाखों के कारण खेत में भी आग लग गई थी उसे भी बुझाया गया।

अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाए दुर्ग नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के मुताबिक साथी फ़ायर वक्र्स के पटाखों से भरे ट्रक में आग लग जाने की सूचना दोपहर 12 बजे के करीब प्राप्त हुई थी। अग्निशमन एवं आपदा प्रबंधन की दो टीमों तत्काल रवाना किया गया और वहाँ पहुँचकर अग्निशमन कर्मियों ने पटाखों से भरे ट्रक में लगी आग को बड़ी सावधानी से दो गाड़ी पानी की मदद से क़ाबू पाया। आग की चपेट में आने से आस पास के खेतों में आग लगी उस पर भी समय पर क़ाबू पा लिया गया। जबकि पटाखों का गोदाम 400 मीटर की दूरी पर था। आग को गोदाम की तरफ़ बढ़ने से रोक लिया गया और जिससे एक बड़ा हादसा होने से टला और भारी जानमाल की हानि होने से बचाया गया। आग लगने का कारण अज्ञात माना जा रहा है। जिला अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र कुमार सिंह, शिफ्ट प्रभारी डालाराम, भगवती बंजारे, अग्निशमन कर्मी मुख़्तार अली, रामनाथ कुर्रे, धर्मेन्द्र, शैलेंद्र, जागेंद्र, नितिन उमाशंकर द्वारा एक अच्छी टीम बनाकर आग जनी स्थान पर समय पर पहुँच कर आग को समय पर काबू पाया लिया गया एवं स्पॉट पर किसी भी प्रकार की घटना नहीं हुआ।

## 25 किलो ग्राम गांजा के साथ दो अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार

**गरियाबंद | आरएनएस**

आगामी लोकसभा चुनाव के मद्दे नज़र जिला गरियाबन्द क्षेत्रांन्तर्गत् अवैध कारोबारियों (हीरा, गांजा, शराब,जुआ,सट्टा एवं वन्य प्राणी तस्करों पर) शिंकजा कसते हुये गांजा परिवहन करने वालों के ताक में पुलिस द्वारा निरंतर जागरूक होकर अवैध कार्यवाही रोकने हेतु पुलिस कप्तान अमित तुकाराम काम्बले के दिशा निर्देशन में,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र चन्द्राकर व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मैनपुर बाजी लाल सिंह के मार्ग दर्शन पर थाना प्रभारी निरीक्षक



गौतमचंद गावड़े द्वारा टीम गठित कर एवं सायबर टीम के साथ मिलाकर कार्यवाही करते हुए।मिली जानकारी के अनुसार देवभोग थाना प्रभारी गौतम चंद गावडे को मुखबिर सूचना मिला कि एक अपाचे मोटर सायकल में दो लोग एक सफ़ेद रंग के बोरी में अवैध रूप से गाँजा लेकर धरमगड़ से देवभोग की ओर आ रहे हैं।इस सूचना पर थाना देवभोग से प्रधान आरक्षक एवम् साइबर सेल गरियाबंद से निरीक्षक पवन वर्मा,सहायक उप निरीक्षक मनीष वर्मा अन्य कर्मचारियों के साथ गवाहों को तलब कर मुखबिर के सूचना के आधार पर वाहन अपाचे क्रमांक ओडी 08 वी 9035 में दो व्यक्ति बीच में एक सफ़ेद नीले रंग के प्लास्टिक बोरी में सामान रखे मिले अपाचे चालक से नाम पता पूछने पर अपना नाम विक्रम मेहर पिता प्रमोद मेहेर उम्र 30 वर्ष एवम् पीछे बैठा व्यक्ति अपना नाम राधामाधव मेहेर पिता कनिष्ठ मेहेर उम्र 29 वर्ष दोनों निवासी साकिन नकटीगुड़ा थाना जूनागढ़ ज़िला कालाहांडी (उड़िसा) का होना बताये।जिन्हें बीच में रखे बोरी में रखे सामान के संबंध में पूछताछ करने पर गोलमोल जवाब देने लगे जिन्हें कड़ाई से पूछताछ करने पर मादक पदार्थ गाँजा होना बताये जिन्हें गाँजा रखने के संबंध में पूछताछ करने पर कोई दस्तावेज नहीं होना बताये जाने पर 25 किलो ग्राम गाँजा एक मोटर सायकल क्रमांक क्रमांक ओडी 08 वी 9035 क़ीमती लगभग 350000/- को ज़ब्तकर किया गया।आरोपियों का उक्त कृत्य अपराध धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट का पाए जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त प्रकरण में आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश कर जेल भेजा गया।

उक्त कार्यवाही में डीएसपी निशा सिन्हा थाना प्रभारी देवभोग गौतम चंद गावडे थाने से अन्य पुलिस जवान तथा सायबर सेल से निरीक्षक पवन वर्मा,सउनि मनीष वर्मा,सुशील पाठक, सतीश गिरी,देवेन्द्र सोनवानी, गजानंद सिन्हा,कृतेष प्रजापति,सैनिक पुरुषोत्तम डाहटे की सराहनीय भूमिका रही।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यका, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career School, Raigarh, C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU